# राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

## टीकाकरण के संबंध में सामान्यतया: पूछे जाने वाले प्रश्न

### कोविड–19 टीकाकरण के क्या लाभ हैं?

कोविड–19 टीका वायरस से लड़ने के लिए आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को तैयार कर कोविड–19 वायरस के खिलाफ अच्छा संरक्षण प्रदान करता है।

### कोविड–19 टीकाकरण कहाँ करवाया जा सकता है?

राजकीय अथवा निजी नजदीकी अस्पताल में जहां टीकाकरण की प्रक्रिया चल रही हो। राजकीय अस्पतालों में टीकाकरण नि:शुल्क है और निजी अस्पतालों में 250 रू. प्रति खुराक पर उपलब्ध है।

### कोविड–19 के कौनसे टीके उपलब्ध हैं?

वर्तमान में भारत में कोविड–19 से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान जारी है। भारत में लोगों को दो तरह के टीके दिये जा रहे हैं। एक का नाम कोविशील्ड है जिसका उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडिया द्वारा किया गया है। दूसरा टीका कोवैक्सीन है जिसे भारतीय कंपनी भारत बायोटेक द्वारा बनाया गया है।

### क्या टीका चुना जा सकता है?

वर्तमान में टीके के चुनने के बारे में विकल्प उपलब्ध नहीं है।

### क्या टीकाकरण से साइड–इफेक्ट हो सकता है?

टीका आपको कोई बीमारी नहीं देता है बल्कि आपके शरीर के इम्यून सिस्टम को संक्रमण की पहचान करना और उससे लड़ना सिखाती है। टीके के बाद कुछ लोगों को हल्के लक्षण जैसे – बांह में दर्द होना, सिरदर्द या बुखार होना, ठंड लगना, थकान होना, बीमार और कमज़ोर महसूस करना, सिर चकराना, मांसपेशियों में दर्द महसूस होना इत्यादि हो सकते हैं।

### अगर पहले से कोविड हो चुका हो तो?

अगर किसी को पहले कोरोना संक्रमण हो चुका है तो भी उन्हें टीका लगाया जा सकता है लेकिन जो लोग अभी वायरस से संक्रमित है, उन्हें ठीक होने के बाद ही टीका लगवाना चाहिए।

### क्या कोविड –19 टीकाकरण के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है?

नहीं। टीकाकरण केंद्र भी हर दिन सीमित संख्या में केन्द्र पर ही पंजीकरण सुविधा प्रदान करते हैं। हालांकि, परेशानी मुक्त टीकाकरण अनुभव के लिए पहले से **cowin.gov.in** पर भी रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### एक मोबाइल नंबर के माध्यम से कितने लोगों को Co-WIN पोर्टल पर पंजीकृत किया जा सकता है?

एक ही मोबाइल नंबर का उपयोग करके 4 लोगों को टीकाकरण के लिए पंजीकृत किया जा सकता है।

### टीकाकरण करवाने हेतु संबंधित दस्तावेज क्या–क्या हैं?

कोई भी पहचान पत्र जैसे:– आधार कार्ड/वोटर आई. डी./ड्राईविंग लाइसेंस/पेन कार्ड/बैंक/डाकघर द्वारा जारी पास बुक/पासपोर्ट/केन्द्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक कम्पनियों द्वारा दिए गए कर्मचारी पहचान पत्र/एन.पी.आर. के तहत आर.जी.आई. द्वारा जारी किया गया स्मार्ट कार्ड/मनरेगा जॉब कार्ड/श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड/फोटो के साथ पेंशन दस्तावेज/सांसदों/विधायकों को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र।

### टीका लगवाने से पहले और लगवाने के बाद क्या करना होगा ?

टीका लगवाने के लिए फोटो पहचान पत्र यथा आधार कार्ड या फिर ऊपर बताये गए दूसरे दस्तावेज अपने साथ लेकर केन्द्र पर जाऐं व टीका लगवाने के बाद केंद्र पर आधे घंटे तक रूकें।

### टीकाकरण की दूसरी खुराक के समय क्या सावधानियां बरतनी चाहिएं?

टीकाकरण केंद्रों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है कि यदि किसी व्यक्ति को टीके की दूसरी खुराक दी जा रही है, तो उन्हें यह पुष्टि करनी चाहिए कि पहला टीका जिस कंपनी का लगाया गया था दूसरा टीका भी उसी कंपनी का लगाया जा रहा है। केन्द पर प्रथम टीका लगने की दिनांक बतानी चाहिए और प्रथम टीके के बाद जारी किया गया टीकाकरण प्रमाण पत्र साथ ले जाना चाहिए।

### टीका लगवाने के तुरंत बाद किस बात का ध्यान रखना है?

पहला टीका लगने के बाद या दूसरा टीका लगने के बाद अगर किसी को 3 दिन से ज्यादा समय तक बुखार और मांसपेशियों में दर्द रहे तो डॉक्टर से जरूर संपर्क करें।

### किसी को कोरोना हो गया है या टीके की पहली डोज लेने के बाद कोरोना हो जाता है तो टीका कब लेना है?

अगर किसी को कोरोना हो चुका है, चाहे उसने टीके की पहली डोज ली हो या नहीं। ऐसे व्यक्ति को पहली या दूसरी डोज जो भी लेनी है, कोरोना से ठीक होने के बाद निर्धारित समयावधि के बाद ही टीका लगवाना चाहिए। कोरोना संक्रमित होने के दौरान टीका नहीं लगाया जाता है।

### क्या किसी दूसरे राज्य / जिले में दूसरी खुराक का टीका लगवाया जा सकता है?

हाँ। दूसरा टीका किसी भी दूसरे राज्य या दूसरे जिले में लगवाया जा सकता है।

### क्या दूसरा टीका लगवाने के बाद भी कोरोना हो सकता है?

हाँ। टीका लगवाने के बाद भी कोविड–19 बीमारी हो सकती है, लेकिन वह गम्भीर नहीं होगी व आपकी जान को खतरा नहीं होगा।


## राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर

e-mail: rj-slsa@nic.in, rslsajp@gmail.com

हेल्प लाइन नम्बर : 15100, 9928900900 | website : www.rlsa.gov.in फॉलो करें : rslsa.rajasthan @LeglAidRajsthan legalaidrajasthan